कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 19.11.2024

विषय:- थाना कैण्ट पुलिस द्वारा पाकेट से पैसा चोरी करने के मामलें में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 468/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्ता को दिनांक 19.11.2024 समय करीब 13.30 बजे महिला हेल्प डेस्क थाना कैण्ट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के कब्जे से चोरी का 2500/- रु. नकद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरण-

दिनांक 18.10.24 को वादिनी मुकदमा ने अपने पति के पाकेट से 2500/- रु. घर में झाड़ू पोंछा का काम करने वाली महिला द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रा.पत्र दिया जिसके आधार पर थाना कैण्ट में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उ.नि. आशीष श्रीवास्तव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर अभियुक्ता द्वारा बताया गया कि मैं लगभग 3 वर्षों से लगातार वादिनी मुकदमा के घर काम करती हूं, मैंने 50000/- रु. बैंक से लोन लिया है जिसको हर महीने किस्त के रूप में देना होता है मेरे पास किस्त भरने के लिए पैसे नहीं थे किस्त भरने के लिए मैंने कल दिनांक 18.11.24 को साहब के जेब से 2500 निकाल लिया था, जो मेरे पास ही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01 नफर अभियुक्ता उम्र करीब 30 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

महिला हेल्पडेस्क थाना कैण्ट, दिनांक-19.11.24 को समय करीब 13.30 बजे ।

बरामदगी का विवरण-

चोरी किया गया 2500/- रुपया नकद।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 468/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ.नि. आशीष कुमार श्रीवास्तव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. उ.नि. आकाश कुमार सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. म.का. कल्पना सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।